# प्रादेशिक समाचार
## 24.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 262 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र।

2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज साहेबगंज में कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए।

3. पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कोडरमा में निर्माणाधीन स्टेशन भवन का लिया जायजा, कोडरमा–बरकाकाना रेलखंड के दोहरीकरण की स्वीकृति की दी जानकारी।

4. राज्य में मानसून की रफ्तार धीमी, 24 जून तक 58 प्रतिशत कम बारिश, राजधानी रांची में अबतक औसत से तेरह प्रतिशत कम हुई बारिश।

5. रांची रेल मंडल खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए अपने खेल बुनियादी ढांचे का कर रहा है विस्तार, रेलवे कॉलोनी और आसपास की स्लम बस्तियों के प्रतिभाशाली बच्चों को दिया जा रहा है निःशुल्क प्रशिक्षण

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस विशेष समारोह में कुल 262 पदों पर नियुक्तियां दी गयी हैं। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से राज्य के चिकित्सा प्रबंधन और ढांचागत व्यवस्था को बड़ी मजबूती मिलेगी।

********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज साहेबगंज के बरहरवा और गोड्डा के आदिवासी बहुल सुंदर पहाड़ी प्रखंड में मान्यता प्राप्त दलों के बीएलए–2 प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड में रह रहे विदेशी नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के हकदार नहीं हैं और इन्यूमरेशन फॉर्म पर नागरिकता की गलत घोषणा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत दंडनीय अपराध है। के. रवि कुमार ने बताया कि प्रारूप सूची में एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ, डुप्लीकेट और रिफ्यूज टू साइन श्रेणी के मतदाता शामिल नहीं होंगे, वहीं एएसडीडी सूची 5 अगस्त 2026 को प्रारूप प्रकाशन के दौरान दलों को उपलब्ध कराई जाएगी और सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित होगी।

********************

पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज एक दिवसीय दौरे के क्रम में कोडरमा में निर्माणाधीन स्टेशन भवन का जायजा लिया। स्पेशल सैलून बंधुआ स्टेशन से लेकर कोडरमा स्टेशन तक का जीएम ने इंस्पेक्शन भी किया। निरीक्षण के बाद जीएम ने रेलवे गेस्ट हाउस में रेल अधिकारियों के साथ बैठक भी की और यात्री सुविधाओं के बारे में बताते हुए कहा कि कोडरमा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने धनबाद रेल मंडल में कई तरह के विकास कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण प्रगति पर है, कोडरमा–बरकाकाना रेलखंड के दोहरीकरण की स्वीकृति भी मिल गई है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड को विकास की एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने बताया कि अजमेर–जयपुर–रांची के बीच प्रस्तावित अमृत भारत वर्जन 3.0 ट्रेन से राज्य की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा सुविधा मिलेगी।

********************

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति श्री सरयू राय की अध्यक्षता में आज रामगढ़ परिसदन में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभापति श्री राय ने सूचना का अधिकार अधिनियम, सेवा का अधिकार अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा रोजगार का अधिकार अधिनियम के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण अधिनियमों का उद्देश्य आम नागरिकों को सेवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

********************

बोकारो जिले में पुलिस एवं झारखंड अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने बोकारो स्टील सिटी स्थित कोचिंग संस्थानों का फायर ऑडिट सह औचक निरीक्षण किया।
कोचिंग संस्थानों के संचालकों को अग्नि सुरक्षा मानकों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने, अग्निशमन उपकरणों को कार्यशील अवस्था में रखने तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

********************

कर्नाटक से मजदूरी करने गए झारखंड के 18 मजदूरों को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुक्त कराया गया। इन  मजदूरों को विगत कई महीनों से जबरन काम कराया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसके खिलाफ बंधुआ मजदूरी और श्रम कानूनों के उल्लंघन की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के किरीबुरू थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आज सारंडा के टाटिबा गांव के पास जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में संचालित तीन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि फरार हुए शराब कारोबारियों की पहचान कर ली गई है। उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

********************

मुहर्रम के मौके पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बोकारो जिले के सभी थानों को विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया गयाा है। इसी क्रम में माराफारी थाना क्षेत्र के जुलुस मार्गों का सत्यापन ड्रोन के माध्यम से करते हुए ऊंची ऊंची इमारतों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा बोकारो जिले के सभी मुहर्रम अखाड़ों/ जुलुस मार्ग का सत्यापन सूक्ष्मता से करते हुए बिजली के तार, लटके हुए पेड़, रोड पर व्यवधान डालने वाले अवरोधों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है।

********************

राज्य में इस वर्ष मानसून की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। रांची में अब तक लगभग 119 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है जो सामान्य वर्षा के मुकाबले तेरह प्रतिशत कम है। सबसे चिंताजनक स्थिति गढ़वा और चतरा जिलों की बताई जा रही है जहां सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है।

********************

रांची रेल मंडल खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए अपने खेल बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है, ताकि रेलवे कॉलोनी और आसपास की स्लम बस्तियों के प्रतिभाशाली बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 50 से अधिक बच्चे अनुभवी प्रशिक्षकों और रेलवे खिलाड़ियों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रेलवे की योजना भविष्य में शतरंज, वॉलीबॉल और फुटबॉल की समर्पित अकादमियां शुरू करने की है।

********समाप्त*********